D.A.V. PUBLIC SCHOOL, THANE
2021-2022
PERIODIC TEST-III
SUBJECT: HINDI

STD: VIII **MARKS: 40**
DATE: **TIME: 1.5 hr**

खंड- 'अ'

1. नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x5=5

सही समय पर सही चुनाव करने वाला व्यक्ति सदैव सफलता प्राप्त करता है | चुनाव में असावधान व्यक्ति कभी सफलता की चोटी पर नहीं चढ़ पाता | जो व्यक्ति अपने दैनिक कार्यक्रमों में सजगता के साथ उपयुक्त चुनाव नहीं करता और महत्त्व की दृष्टि से उनमें ठीक-ठीक क्रम नहीं बैठा पाता वह व्यक्ति न तो समय पर कोई कार्य पूरा कर सकता है और न ही अपने कामों में श्रेष्ठता और कलात्मकता ही दे पाता है | होना यह चाहिए कि हम सोच समझकर तय करें कि हमें किस समय उठना है, किस समय सोना है और किस समय पढ़ना है, कब हमें खेलकूद और व्यायाम के लिए सही समय का चुनाव करना है | मित्रों का चुनाव करते समय भी हमें बहुत सावधानी बरतनी होगी | यह चुनाव हमारे जीवन की अनेक सफलताओं और असफलताओं के लिए ज़िम्मेदार होता है | सच्चा मित्र जहाँ हमें सन्मार्ग पर ले जाता है, वहीं कुमित्र हमें पतन की गर्त में ढकेल देता है और हमारे जीवन को अनेक अवगुणों से भर देता है |

क. जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण क्या है?

१) समय **३) विचार**

२) सही चुनाव **४) संगति**

ख. किस प्रकार के व्यक्ति अपने कार्यों को सुंदर और कलात्मक ढंग से व्यक्त नहीं कर पाते?

१) परिश्रम न करने वाले **३) सजगता के साथ चुनाव न करने वाले**

२) निर्णय न करने वाले **४) सही लक्ष्य न चुनने वाले**

ग. हमें अपने मित्रों के चुनाव में सावधानी क्यों बरतनी चाहिए?

१) मित्र का चुनाव हमारी सफलता और असफलता के लिए ज़िम्मेदार होता है

२) इस चुनाव से हमारे चरित्र का पता चलता है

३) मित्र का चुनाव हमारे सम्मान को बढ़ा देता है

४) सभी उत्तर सही है

घ. सच्चा मित्र और कुमित्र हमारे जीवन को किस प्रकार प्रभावित करता है?

१) सच्चा मित्र हमेशा हमारे साथ रहता है

२) सच्चा मित्र विश्वसनीय होता है

३) सच्चा मित्र सन्मार्ग पर ले जाता है, कुमित्र पतन की गर्त में ढकेल देता है

४) सच्चा मित्र कभी-कभी बदल जाता है

ड. 'पतन' शब्द का विपरीत शब्द है -

१) उन्नति २) उत्थान ३) विकास ४) प्रगति

2. समास के कुल कितने भेद हैं ? 1

क.तीन ख. चार ग. छह घ.पाँच

3. 'अन्न- जल' शब्द में कौन-सा समास है? 1

क.द्विगु समास ख. कर्मधारय समास ग. द्वंद्व समास घ. तत्पुरुष समास

4. 'पुस्तकालय' का संधि-विच्छेद है- 1

क. पुस्तक+लय ख. पुस्तक+आलय ग. पुस्तका+लय घ. पुस्त+कालय

5. उपाध्यक्ष शब्द का उचित संधि-विच्छेद होगा- 1

क. उपअ+ध्यक्ष ख. उप+अध्यक्ष ग. उपा+अध्यक्ष घ. उप+आध्यक्ष 1

6. दिए गए वाक्य में उचित मुहावरे का प्रयोग कीजिए - 1

ताजमहल की सुंदरता को देख पर्यटक ---------- गए |

क. प्राण सूख जाना ख. तिल का ताड़ बनाना ग. घाव हरा होना घ. दंग रह जाना

7. आँखें खुलना मुहावरे का उचित अर्थ होगा - 1

क. इधर-उधर देखना ख. घूमना ग. वास्तविकता का पता चलना घ. उठ जाना

8. 'पिताजी की अच्छी-खासी नौकरी थी |' रचना के आधार पर इस वाक्य का भेद होगा - 1

क. संयुक्त वाक्य ख. मिश्र वाक्य ग. सरल वाक्य घ. विधानवाचक वाक्य

9. 'सोहन घर आया ---------- उसने खाना खाया |' इस वाक्य में कौन-सा योजक शब्द

लगेगा? 1

क. किंतु ख. यदि ग. कि घ. और

10. जहाँ एक ही वर्ण की आवृत्ति एक से अधिक बार होती है वहाँ --------- अलंकार होता है | 1

क. उपमा अलंकार ख. अनुप्रास अलंकार ग. मानवीकरण अलंकार घ. रूपक अलंकार

11. 'फूल हँसे, कलियाँ मुस्काईं इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है? 1

क. रूपक अलंकार ख. मानवीकरण अलंकार ग. अनुप्रास अलंकार घ. उपमा अलंकार

12. नीचे लिखे पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x4=4

मैया कबहिं बढ़ैगी चोटी |
किती बार मोहिं दूध पिवत भई यह अजहूँ है छोटी ||
तू तो कहति बल की बैनी ज्यों है है लांबी मोटी |
काढ़त गुहत नह्वावत ओछत नागिनी-सी भुंई लोटी ||
काचो दूध पिवावति पचि-पचि देति न माखन रोटी |
सूर स्याम चिरजीवौ दोउ भैया हरि-हलधर की जोटी ||

१. प्रस्तुत पद में 'मैया' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है?
क. कौशल्या ख. सुमित्रा ग. यशोदा घ. कुंती

२. 'बल' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है?
क. राम ख. लक्ष्मण ग. बलदेव घ. सहदेव

३. 'हरि-हलधर की जोटी' इस पंक्ति में हरि और हलधर कौन हैं?
क. राम-लक्ष्मण ख. नकुल-सहदेव ग. करण-अर्जुन घ. कृष्ण-बलराम

४. कृष्ण की चोटी कैसी है?
क. लंबी ख. मोटी ग. छोटी घ. काली

13. नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x5=5

अब सब लोग नल पर टूट पड़े | यहाँ भी वही घमासान मची कि क्या मजाल कि एक बूँद पानी भी किसी के बर्तन में आ सके | ठुसम-ठास ! किसी बाल्टी पर पतीला और पतीले पर लोटा और भगोने और डोंगे | पहले तो धक्के चले | फिर कुहनियाँ और उसके बाद बर्तनों से ही एक-दूसरे पर हमला कर दिया गया | स्पष्ट है कि भारी बरतन वाले हथियार उठाते रह गए | कटोरों और डोंगों वाली फ़ौज ने गोमड़े डाल दिए सिरों पर | फ़ौरन बड़े भाइयों, बहनों, मामुओं और दमदार मौसियों, फुफियों की कुमक भेजी गई, जिन्होंने पतली-पतली नीम की छड़ियों से ऐसे सड़ाके लगाए कि फ़ौज मैदान में हथियार फेंककर पीठ दिखा गई |
इस धींगामुश्ती में कुछ बच्चे कीचड़ में लथपथ हो गए, जिन्हें नहलाकर कपड़े बदलवाने के लिए नौकरों की वर्तमान संख्या काफ़ी नहीं थी | पास के बंगलों से नौकर आए और चार आना प्रति बच्चा के हिसाब से नहलवाए गए |

१. अब सब लोग कहाँ टूट पड़े?

क. कुएँ पर ख. नल पर ग. नदी पर घ. छत पर

२. 'पीठ दिखाना' मुहावरे का क्या अर्थ है ?

क. डर जाना ख. गिर जाना ग. हार मान लेना घ. घूमने जाना

३. बच्चों को सज़ा देने कौन-कौन आया?

क. मामा-मौसी ख. भाई-बहन ग. फुफियाँ घ. ये सभी रिश्तेदार

४. नौकरों को कहाँ से बुलवाया गया था?

क. पास के जंगल से ख. पास के बंगलों से ग. बाज़ार से घ. गाँव से

५. बच्चों की पिटाई की गई -

क. बबूल की छड़ियों से ख. नीम की छड़ियों से ग. आम की छड़ियों से घ. डंडे से

खंड- 'ब'

14. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर ३० से ४० शब्दों में लिखिए - (कोई दो) 3x2=6

क. कल्पना ने स्वयं को विदेशी परिवेश में कैसे ढाला?

ख. जीवन लाल कमला की विदा क्यों नहीं करना चाहता था?

ग. लेखक को श्रीधर से जलन का अनुभव क्यों हो रहा था?

15. आपके क्षेत्र में बिजली का संकट बहुत अधिक बढ़ गया है | इस समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए थाने विद्युत-विभाग के अभियंता को पत्र लिखिए | 5

अथवा

आपके क्षेत्र में जल का संकट बहुत अधिक बढ़ गया है | इस समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए थाने जल-विभाग के अधिकारी को पत्र लिखिए |

16. 'ऑनलाइन शिक्षा में अनुशासन की आवश्यकता है |' इस विषय पर दो छात्रों के बीच होने वाले संवाद को लिखिए | 5

अथवा

'प्रदूषण की समस्या को दूर करना आज की आवश्यकता है |' इस विषय पर दो छात्रों के बीच होने वाले संवाद को लिखिए |